मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-238
30/04/2021

मुख्यमंत्री ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को शुभकामनायें दी

पटना, 30 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि विकास, औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता को बढ़ाने में श्रमिकों की मेहनत एवं ताकत की बड़ी भूमिका रही है और आगे भी रहेगी। श्रम एवं श्रमिकों का सम्मान हमारी संस्कृति का अंग है।

मुख्यमंत्री ने अपील की कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। लोग मास्क का प्रयोग जरूर करें। आपस में दूरी बनाकर रखें। साबुन से लगातार हाथ धोते रहें।

******